षोडशी त्रिपुर सुन्दरी

महालक्ष्मी पूजन साधना



डॉ० नारायण दत्त श्रीमाली

Download Book ~ https://www.hindibook.in

झीनी झीनी झरत फुहार

पूज्य गुरुदेव डॉ0 नारायण दत्त श्रीमाली जी की पावन वाणी में सारगर्भित दुर्लभ ऑडियो कैसेट्स

गुरु-शिष्य

- गुरु गति पार लगावे
- गुरुर्बिना गतिर्नास्ति
- गुरु हमारो गौत्र है
- सांस-सांस में गुरु बसे
- मैं खो गया, तुम भी खो जाओ

ध्यान एवं योग

- ध्यान योग
- कुण्डलिनी योग
- ध्यान धारणा और समाधि
- समाधि के सात द्वार
- कुण्डलिनी नाद ब्रह्म

प्रेम

- प्रेम गली अति सांकरी
- प्रेम धार तलवार की
- अकथ कहानी प्रीत की
- प्यार के घुंघरुओं की खनक
- सूली ऊपर सेज पिया की

साधनाएं

- विशेष लामा मंत्र
- अमोघ साबर साधनाएं
- बगलामुखी प्रयोग
- ॐ मणि पद्मे हुं
- विश्व की श्रेष्ठतम साधनाएं

अप्सरा सम्बन्धी प्रयोग

- नाभिदर्शना अप्सरा प्रयोग
- षोडश अप्सरा प्रयोग
- पुष्पदेहा अप्सरा प्रयोग
- स्वर्ण देहा अप्सरा प्रयोग भाग - 1
- स्वर्ण देहा अप्सरा प्रयोग भाग - 2

स्तोत्र एवं स्तवन

- निखिलेश्वरानन्द स्तवन
- प्रात:कालीन गुंजरित वेद ध्वनि
- गुरु गीता
- गुरुमुख स्तोत्र
- दैनिक साधना विधि

✤ आपके लिए प्रत्येक पैकेट में पांच-पांच कैसेट्स हैं, निर्दोष, शुद्ध, पवित्र एवं नवीन टेक्नोलॉजी से संचयित। ✤ एक पैकेट में पांच कैसेट्स की न्यौछावर 30 X 5 = 150/- होती है, परन्तु एक कैसेट पर 5/- की छूट की दर से 125/- में दिया जायेगा। ✤ इसके लिए आदेश के साथ धनराशि ड्राफ्ट या मनीऑर्डर से अग्रिम भेजें। ✤ डाक व्यय अतिरिक्त।

: सम्पर्क :

सिद्धाश्रम, 306, कोहाट एन्क्लेव, पीतमपुरा, नई दिल्ली-34, फोन : 011-7182248, फैक्स : 011-7196700

मंत्र तंत्र यंत्र विज्ञान, डॉ0 श्रीमाली मार्ग, हाईकोर्ट कॉलोनी, जोधपुर (राज0), फोन : 0291-32209, फैक्स : 0291-32010

Download Book ~ https://www.hindibook.in

षोडशी त्रिपुर सुन्दरी

महालक्ष्मी पूजन साधना

आशीर्वाद

डॉ० नारायण दत्त श्रीमाली

एस-सीरिज

Download Book ~ https://www.hindibook.in

© मंत्र-तंत्र-यंत्र विज्ञान

संकलन एवं सम्पादन

श्री कैलाश चन्द्र श्रीमाली

प्रकाशक

मंत्र-तंत्र-यंत्र विज्ञान

डॉ० श्रीमाली मार्ग, हाई कोर्ट कॉलोनी,

जोधपुर - ३४२ ००१ **(राज.)**

फोन : 0291-432209, फैक्स : 0291-432010

द्वितीय मुद्रण	:	महाप्रयाण दिवस 1999
मूल्य	:	20 15/- रुपये मात्र
मुद्रक	:	आर.एस. ऑफसेट प्रिंटर्स, B-103/4, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1 नई दिल्ली - 28

शास्त्रों में वर्णित षोडशी त्रिपुर सुन्दरी साधना पद्धति को स्वयं अपना कर पूर्ण इच्छित लाभ प्राप्त करने के पश्चात् सम्पादक ने सर्वजन हित की भावना से प्रेरित हो, समस्त पूजन पद्धतियों के सारभूत तथ्य को पुस्तकाकार रूप में प्रस्तुत किया है। लेखक के विचार किसी भी धर्म, सम्प्रदाय अथवा सीमा द्वारा बद्ध नहीं किए जा सकते, उसके विचारों की गति स्वतंत्र होती है; अतः इस पुस्तक में प्रकाशित लेखन सामग्री पर किसी भी प्रकार की आलोचना स्वीकार्य नहीं होगी।

यदि दुर्भाग्यवश इस पुस्तक के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का वाद-विवाद हो, तो ऐसी स्थिति में जोधपुर (राजस्थान) न्यायालय ही मान्य होगा। इस पुस्तक के किसी भी अंश को प्रकाशित करने से पूर्व '**मंत्र-तंत्र-यंत्र विज्ञान**' द्वारा लिखित अनुमति लेना आवश्यक है।

Download Book ~ https://www.hindibook.in



पूज्य गुरुदेव

डॉ० नारायण दत्त श्रीमाली

Download Book ~ https://www.hindibook.in

अनुक्रम

षोडशी त्रिपुर सुन्दरी	०६
श्री विद्या के त्रिविध रूप	१०
षोडशी स्वरूप की प्रतीकात्मकता	११
महालक्ष्मी	१७
महालक्ष्मी पूजन	२१
गणपति पूजन	२३
गुरु पूजन	२४
आवरण पूजा	३६
श्री लक्ष्मी स्तोत्रम्	४३
श्री महालक्ष्म्यष्टक स्तवः	४४
श्री लक्ष्मी सूक्त	४५

Download Book ~ https://www.hindibook.in

प्राक्कथन . . .

षोडशी त्रिपुर सुन्दरी अपने-आप में सर्वाधिक तेजस्वी, जाज्वल्यमान और जीवन की सम्पूर्णता को देने में समर्थ महाविद्या है। यह अपने-आप में एक ऐसी साधना है, जो विरले लोगों को ही प्राप्त होती है। इस साधना के माध्यम से जीवन के चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति तो होती ही है, साथ ही साथ इस साधना के माध्यम से आध्यात्मिक जीवन में भी सम्पूर्णता प्राप्त होती है, किसी भी प्रकार से किसी भी साधना में न्यूनता रह ही नहीं सकती, क्योंकि यह साधना अन्य साधनाओं की भी पूर्णता देने में समर्थ महाविद्या है। कोई भी साधना हो, वह चाहे अप्सरा साधना हो, दैवी साधना हो, शैव साधना हो, वैष्णव साधना हो या किसी भी प्रकार की साधना हो, यदि उसमें सफलता नहीं मिल रही हो, तो उसको भी पूर्णता के साथ सिद्ध कराने में यह महाविद्या समर्थ है– यदि इस साधना को पहले सम्पन्न कर लिया जाय। इसलिए जीवन में सब कुछ प्राप्त कर लेने के लिए यह महाविद्या पूर्ण सहायक साधना है।

इसके साथ ही साथ इसकी एक विशेषता यह भी है, कि यह भौतिक सुखों को भी पूर्णता के साथ देने में सर्व समर्थ महाविद्या है। हमारे जीवन में चाहे किसी भी प्रकार का अभाव हो, कष्ट हो, पीड़ा हो, बाधा हो, दुःख हो, दैन्य हो, न्यूनता हो, उन सबको एक ही झटके में समाप्त करने की अगर कोई महाविद्या है, तो वह 'षोडशी त्रिपुर सुन्दरी साधना' है।

इस साधना की तीसरी विशेषता यह है, कि यह साधना कायाकल्प करने में समर्थ है। चाहे वह पुरुष हो या स्त्री हो। यदि स्त्री है और सौन्दर्य में किसी भी प्रकार की न्यूनता है या उसके जीवन में किसी भी प्रकार की कमी हो, तो इस साधना को सम्पन्न करने पर वह अपने-आप में पूर्ण सौन्दर्यमयी और सम्मोहक नारी बन जाती है। उसके चेहरे की झाइयां और उसके चेहरे की न्यूनताएं समाप्त हो जाती हैं। इसके साथ ही साथ यदि किसी पुरुष के शरीर में किसी प्रकार की न्यूनता या पौरुषत्व की कमी या हिम्मत, साहस, बल, ओज की कमी हो, तो उसको भी पूर्णता देने में यह साधना समर्थ है। इस साधना से साधक का चेहरा अपने-आप में तेजस्वी, अद्वितीय दमक से युक्त ललाट, सिंह के समान दर्पोन्नत वक्षस्थल बन जाता है।

इस साधना की चौथी विशेषता यह है, कि इस साधना के माध्यम से जीवन में निरन्तर धन प्राप्त होता ही रहता है और आय के सैकड़ों स्रोत खुल जाते हैं, चाहे वह व्यापार करता हो, चाहे वह नौकरी करता हो; इस प्रकार की सुविधाएं, इस प्रकार के रास्ते अपने-आप बन जाते हैं, जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते, कि ऐसे भी धन प्राप्ति हो सकती है! और इसी प्रकार से पूरे जीवन पर्यन्त कई रास्तों के माध्यम से, कई क्रियाओं

Download Book ~ https://www.hindibook.in

नहीं रह पाती। इसीलिए षोडशी त्रिपुर सुन्दरी दस महाविद्याओं में सर्वश्रेष्ठ महाविद्या मानी गई है। इसलिए शास्त्रों में कहा गया है, कि जो भी मनुष्य जाति में जन्म लेता है, उसे इस साधना को सम्पन्न करना ही चाहिए, आवश्यकता है योग्य गुरु की; आवश्यकता है, प्रामाणिक विधान की और आवश्यकता है, पूर्ण रूप से श्रद्धा और विश्वास की।

पूज्य गुरुदेव ने बहुत ही गोपनीय साधना विधि को पहली बार इस पुस्तक के माध्यम से स्पष्ट करने की आज्ञा दी है, जो साधकों के लिए वरदान तुल्य है, कल्पवृक्ष के समान है, जिसको सम्पन्न करने पर समस्त प्रकार के भौतिक, दैविक, दैहिक और आध्यात्मिक फलों की प्राप्ति होती है।

इस साधना को सम्पन्न करने पर मैंने वृद्धों को अपने-आप में तारुण्यमय होते देखा है, वृद्धाओं को अपने-आप में यौवनमय होते देखा है। मजदूरों को धनयुक्त होते देखा है, साधनाहीन लोगों को साधना सम्पन्न होते देखा है, दुःखी, पीड़ित, अपाहिज, बीमार, असहाय लोगों को पूर्ण स्वस्थ और तरोताजा होते देखा है। इसलिए यह साधना अपने-आप में छोटी-सी साधना नहीं है, अपने-आप में सम्पूर्णता समेटे हुए महाविद्या है– और हमने इस गोपनीय विद्या को इन थोड़े से पन्नों में उतार करके, साधकों के लिए एक जीवन-आधार दे दिया है, जिसके माध्यम से वे पूर्णता तक पहुंच सकें, सौभाग्यशाली बनें, यौवनवान बनें, तेजस्वी बनें और प्रत्येक दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ बनें।

और इसी सर्वश्रेष्ठता को इस पुस्तक में समेट कर पूज्यपाद गुरुदेव ने जो कुछ हमें ज्ञान दिया है, जो कुछ हमें अनुभव कराया है और मैंने स्वयं इस साधना को सम्पन्न कर जो कुछ अनुभव किया है– वह अपने-आप में अतुलनीय है, क्योंकि इससे उच्चकोटि की अन्य कोई साधना नहीं है।

मुझे विश्वास है, कि प्रत्येक पाठक और साधक इस साधना को अवश्य ही सम्पन्न करेंगे और तब तक करते रहेंगे, जब तक उन्हें पूरी सफलता नहीं मिल जाय। गुरुदेव का हम पर आशीर्वाद है, यदि कोई साधक पूर्ण लगन, विश्वास और धैर्य के सथ इस साधना को सम्पन्न करता है, तो वह इस साधना को तो सिद्ध करता ही है, साथ ही सिद्धाश्रम के द्वार भी उसके लिए खुल जाते हैं, जिससे कि वह सिद्धाश्रम में प्रवेश कर उस समुच्च स्थिति को प्राप्त कर सके जो योगियों के लिए भी अलभ्य है।

"पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते". . . उपनिषद की यह उक्ति, यह स्थिति इस साधना के माध्यम से ही सम्भव है, इसीलिए यह साधना जीवन की जाज्वल्यमान, तेजस्वी, अद्वितीय और श्रेष्ट तथा परमोपयोगी साधना है।

मुझे विश्वास है, कि सभी पाठक और साधक, योगी, यति, गृहस्थ इसको सम्पन्न कर पूर्णता प्राप्त कर सकेंगे।

Download Book ~ https://www.hindibook.in



षोडशी यंत्र

Download Book ~ https://www.hindibook.in

षोडशी त्रिपुर सुन्दरी

त्वं वैष्णवी शक्तिरनन्त वीर्या विश्वस्य बीजं परमासि माया,
सम्मोहितं देवि! समस्तमेतत् त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्तिहेतोः।
विद्याः समस्तास्तव देवि! भेदाः स्त्रिया समस्ता सकला जगत्सु;
त्वयैकया पूरितमम्बयैतत् का ते स्तुति स्तव्यपरा परोक्तिः।।

अर्थात् "हे भगवति! आप अनन्त शक्तिमयी हैं, समस्त विश्व की निर्मात्री तथा परम शक्ति स्वरूपा हैं। हे देवि! समस्त जगत आपकी माया के वशीभूत है तथा आप प्रसन्न होने पर जीवों को मुक्ति प्रदान करती हैं। संसार की सभी विद्याएं आप से सुशोभित हैं, सभी नारियों में आपकी शक्ति है। आप ही सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हैं, इससे अधिक आपकी और क्या स्तुति हो सकती है।"

पूर्वकाल से लेकर वर्तमान काल तक प्रत्येक भारतीय के जीवन में माता-पिता, गुरु और ईश्वर का प्रमुख स्थान रहा है और किसी न किसी रूप में उसने परब्रह्म की उपासना की है। शास्त्रों में वर्णन आता है, कि समस्त ब्रह्माण्ड एवं ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र; मरुद्‌गण, गन्धर्व, अप्सराएं और किन्नर; समस्त भौतिक पदार्थ, अण्डज, स्वेदज, उद्‌भिज और जरायुज; स्वाथर, जंगम, पशु, पक्षी, मनुष्य आदि समस्त प्राणी पराम्बा शक्ति से ही उत्पन्न हुए हैं। इसी पराम्बा शक्ति को विभिन्न नामों

Download Book ~ https://www.hindibook.in

से सम्बोधित किया जाता है, यथा– 'जगदम्बिका', 'अम्बिका', 'षोडशी त्रिपुर सुन्दरी', 'शिवा' (अक्षोम्य रुद्र की शक्ति) 'ललिता', 'राजराजेश्वरी', 'वैष्णवी', 'बाला' तथा 'पञ्चदशी'।

विभिन्न नामों से सम्बोधित होने वाली वैष्णवी ही दसों महाविद्याओं में 'षोडशी' के नाम से विख्यात हैं, इसी को 'ब्रह्मविद्या', 'ब्रह्ममयी' तथा 'श्रीविद्या' भी कहते हैं।

'श्री' शब्द का अर्थ सामान्यतः 'लक्ष्मी' बताया जाता है, जबकि "ब्रह्माण्डपुराणोत्तरखण्ड" में वर्णित आख्यान के अनुसार 'श्री' शब्द का मुख्यार्थ 'त्रिपुर सुन्दरी' ही है। महालक्ष्मी ने त्रिपुर सुन्दरी की चिर काल तक आराधना करके बहुविध वरदान प्राप्त किये, जिनमें महालक्ष्मी को 'श्री' शब्द से प्रसिद्ध होने का भी वरदान प्राप्त हुआ।

श्री शब्द सर्वोपरि श्रेष्ठता एवं पूज्य भाव का द्योतक है– और सर्वोपरि श्रेष्ठ तो केवल मात्र परब्रह्म हैं, अतः जिनमें ब्रह्मकला प्रकट होती है, उनके लिए ही 'श्री' शब्द व्यवहृत होता है। सर्वकारणभूता आत्मशक्ति वैष्णवी साक्षात् ब्रह्मरूपा होने के कारण ही 'श्री' शब्द से व्यवहृत होती हैं।

धर्म की रक्षा एवं लोकोपकार के लिए जिस प्रकार परब्रह्म परमात्मा अनेक रूपों में अवतरित होते हैं, उसी प्रकार पृथ्वी पर धर्म तथा धर्मपरायण व्यक्तियों की रक्षा के लिए ब्रह्मरूपा शक्ति भी अवतरित होती हैं। शक्ति के अवतारों में प्रमुख हैं – ज्वालामुखी, ब्रजेश्वरी, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, कामाख्या आदि।

श्री विद्या के त्रिविध रूप

सर्वकारणभूता 'श्री' तीन रूपों में अपने साधकों को वरदायक सिद्ध होती हैं–

स्थूल रूप

देवी के स्थूल स्वरूप की आराधना करने वाले साधक मंत्र-जप कर सिद्धि प्राप्त कर लेते हैं, तो वे अपने नेत्रों के द्वारा उस दिव्य लोकोत्तर आह्लादकारक तेजपुञ्ज का दर्शन प्राप्त कर लेते हैं और अपने हाथों से उनके चरणों का स्पर्श कर अपने आप को कृतकृत्य कर लेते हैं।

Download Book ~ https://www.hindibook.in

सूक्ष्म रूप

देवी के सूक्ष्म रूप के आराधक 'मंत्रमयी देवता' के सिद्धान्त के अनुसार मंत्रवर्णों में देवता शरीरावयवों की उपस्थिति को पहचान लेते हैं तथा मंत्र उच्चारण एवं मंत्र ध्वनि श्रवणों के द्वारा भगवती के सूक्ष्म रूप से साक्षात् कर लेते हैं।

पर रूप

महापुण्यवान साधक ही देवी के 'पर रूप' को अपने मन-इन्द्रिय द्वारा गृहीत कर पाते हैं। देवी का यह स्वरूप आत्मशक्ति जगदम्बा का पूर्ण चैतन्य रूप होता है। साधक इस स्वरूप से एकाकार तभी हो सकता है, जब गुरु की कृपा प्राप्त होती है। आत्मशक्ति की चैतन्यता प्राप्त करना मानव मात्र के लिए प्रत्यक्षतः केवल गुरु के द्वारा ही सम्भव हो पाता है, क्योंकि केवल मात्र गुरु ही अपनी आत्मशक्ति को चैतन्य किये हुए प्रत्यक्ष देव के रूप में साधक को सहज सुलभ होते हैं। यदि गुरु के साथ शिष्य अपनी आत्मशक्ति को अभेद भाव से जोड़ लेता है, तो उस शिष्य का वैष्णवी के 'पर रूप' से सम्बन्ध स्थापित हो जाता है, अतः पराशक्ति से पूर्ण अभेद रूप से एकीकृत होने के लिए गुरु-कृपा से बढ़कर अन्य कोई सुगम उपाय उपलब्ध नहीं है।

षोडशी स्वरूप की प्रतीकात्मकता

बालार्क मण्डलाभासां चतुर्बाहुं त्रिलोचनाम्।
पाशांकुश शरांश्चापं धारयन्तीं शिवां भजे।।

(शाक्तप्रमोद)

अर्थात् "उदित होते हुए सूर्य मण्डल की शोभा को धारण करने वाली चार भुजाओं तथा तीन नेत्रों से युक्त, पाश, अंकुश एवं धनुष-बाण धारण किये हुए भगवती का मैं ध्यान करता हूं।"

भगवती के उपरोक्त स्वरूप वर्णन में प्रतीकों का उदाहरण यों ही नहीं दिया गया है, अपितु ये सभी विशिष्ट अर्थों को अपने में समेटे हुए हैं–

प्रकाश, ताप (अग्नि) और आहुतसोम (चन्द्रमा) अपने इन तीन रूपों में सूर्य पूरे विश्व को प्रकाशित कर रहा है, (सूर्य में षोडश कला पुरुष का पूर्ण विकास है, अतः इसकी शक्ति को 'षोडशी' कहते हैं) इन तीन ज्योतियों के प्रतीक को धारण करने के कारण ही षोडशी को 'त्रिलोचना' कहा गया है।

Download Book ~ https://www.hindibook.in

सूर्यस्थ अग्नि सोमाहुति से शान्त होती है, जिसकी प्रतिकृति प्रातः बेला में उदित होते बाल सूर्य में भासित होती है, देवी के शरीर की आभा इस बाल सूर्य मण्डल की आभा के अनुरूप है। सौरमण्डल में सूर्य, पृथ्वी एवं समस्त ग्रह परस्पर सौर-आकर्षण सूत्र से बद्ध हैं, जिसके कारण वे अपनी परिधि में तथा अपने केन्द्र पर ही बद्ध होते हैं। अस्तु, सूर्य ने पृथ्वी को आकर्षण रूपी पाश से बद्ध कर रखा है, जो देवी के हाथ में 'पाश' के प्रतीक के रूप में शोभायमान है।

आद्याशक्ति पूरी प्रकृति को अपने नियंत्रण में रखती हैं, उन्हीं की इच्छा से अग्नि व सूर्य तप्त हैं तथा इन्द्र, वरुण, यम आदि समस्त देव अपने-अपने कार्यों में संलग्न हैं। इस नियन्त्रण शक्ति के प्रतीक रूप में ही शिवा के हाथ में 'अंकुश' शोभित है।

अपने द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए भगवती जिन्हें पाती हैं, वे उनका अन्न, वायु और वर्षा रूपी तीन शरों (बाणों) से नाश कर देती हैं। ये शर ही देवी के तरकश में अवस्थित हैं।

भगवती को चार भुजाओं वाली बताया गया है, उनकी ये चार भुजाएं प्रतीक हैं, कि उन्होंने सृष्टिकर्ता 'ब्रह्मा', सृष्टि के पालनकर्ता 'विष्णु', सृष्टि के संहारकर्ता 'रुद्र' तथा खण्ड प्रलय के नियंत्रक 'यम' पर पूर्ण नियन्त्रण कर रखा है। अस्तु, ये चारों देवी की इच्छा के अधीन हैं।

षोडशी की उत्पत्ति

देवी की उत्पत्ति से सम्बन्धित अनेक कथाएं प्राप्त होती हैं। ऋग्वेद में परब्रह्म का पितृ रूप 'प्रजापति' बताया गया है और मातृरूप 'अदिति' के नाम से वर्णित है। यह मातृशक्ति ही इस चराचर विश्व का अचल आधार है, यही मातृशक्ति स्रष्टा और सृष्टि दोनों ही है, अतः इसी से समस्त विश्व की उत्पत्ति होती है।

देवताओं की प्रार्थना पर देवी ने अपने स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा—''मैं परब्रह्म स्वरूप हूं, अजन्मा होते हुए भी परमार्थतः समय-समय पर विविध रूपों में जन्म लेती हूं।''

शक्ति सम्बन्धित विभिन्न आख्यानों में भी उपरोक्त तथ्य को स्वीकार किया गया है। पुराणों में धर्म का स्वरूप सबसे प्रधान है। प्रधान इसलिए है, कि पुराण साहित्य में परमात्मा, पराशक्ति, स्वर्ग-नर्क, धर्म-कर्म, वर्णाश्रम व्यवस्था इत्यादि विषय अत्यधिक सतर्कता से विवेचित हैं, किन्तु धर्म की विवेचना प्रमुख है। पुराणों के द्वारा

Download Book ~ https://www.hindibook.in

ही शिव, विष्णु, ब्रह्मा और शक्ति के विविध स्वरूपों तथा अवतारों का परिचय प्राप्त होता है। यही कारण है, कि प्राचीन काल से ही शैव, वैष्णव एवं शक्ति-पूजा भारत देश में प्रचलित रही है।

जहां कहीं भी शक्ति का वर्णन प्राप्त होता है, उन्हें शिव की पत्नी के रूप में ही दर्शाया गया है, किन्तु गृहलक्ष्मी का अवतरण विष्णु की शक्ति के रूप में हुआ है।

मार्कण्डेय पुराण में विष्णु की इस वैष्णवी शक्ति को 'सिंहवाहिनी' बताया गया है और उन्हें ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र एवं समस्त देवताओं से वन्दिता बताया गया है।

सृष्टि के द्वितीय कल्प में जब समस्त देवता तथा धर्मपरायण व्यक्ति असुरों से त्रस्त हो गये, तो उन्होंने महामाया की आराधना कर असुरों के त्रास से मुक्त करने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना पर देवी ने उन्हें अभय प्रदान करते हुए कहा —"जब भी तुम मेरा स्मरण करोगे, मैं अवश्य ही तुम लोगों की रक्षा के लिए उपस्थित होऊंगी।"

समय-समय पर भगवती ने अपने मूल स्वरूप से अनेक रूपों में अवतरित होकर देवताओं को सुरक्षा प्रदान की है—

मधुकैटभ वध

प्रलयकाल में योगनिद्रा का आश्रय ले शेषनाग की शय्या पर भगवान विष्णु सो रहे थे। निद्रालीन विष्णु के कानों से महामाया ने मैल निकाली। उस मैल से 'मधु' और 'कैटभ' दो असुर उत्पन्न हुए, जिन्होंने महामाया की घोर तपस्या कर, इच्छा-मृत्यु का वर प्राप्त कर लिया और निर्भय होकर सर्वत्र विचरण करने लगे। उन दोनों असुरों ने ब्रह्मा को युद्ध के लिए ललकारा। स्वयं को असमर्थ पा ब्रह्मा जी विष्णु की शरण में गये और निद्रालीन विष्णु को जगाने के लिए योगनिद्रा का स्तवन किया — "हे देवी! तुम अपने उदार प्रभावों से प्रशंसित हो, अतः इन दोनों दुर्धर्ष असुरों को मोहित कर दो और भगवान विष्णु को इनका वध करने हेतु निद्रा से जगा दो।"

तदुपरान्त निद्रा का त्याग कर विष्णु ने ब्रह्मा की प्रार्थना पर उन दोनों असुरों से युद्ध करने का निर्णय लिया। इच्छा-मृत्यु वर के कारण विष्णु ने उन दैत्यों से विश्राम का अवसर चाहा और बारी-बारी से युद्ध करने की इच्छा व्यक्त की; मदमत्त असुरों ने सोचा, कि विष्णु पराजित हो ही जायेंगे, अतः उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर कुछ समय के लिए युद्ध स्थगित कर दिया। अवसर प्राप्त होने पर विष्णु ध्यानस्थ होकर

Download Book ~ https://www.hindibook.in

उनके वध का उपाय ढूंढने लगे, तभी ब्रह्मा की प्रार्थना पर महामाया ने विश्वास दिलाया कि मेरी माया से मोहित होकर दोनों असुर शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त हो जायेंगे।

निर्धारित समय पर पुनः युद्ध आरम्भ हुआ। कुछ समयोपरान्त विष्णु ने दैत्यों से वर मांगने को कहा।

मोहित असुरों ने कहा – "हे विष्णु! अब तुम परास्त होने वाले हो, अतः तुम्हारी वर देने की क्षमता भी समाप्तप्राय है। अब तुम अपनी जान बचाने की चिन्ता करो। हां, तुम कहो तो हम तुम्हें अवश्य वर प्रदान करेंगे।"

महामाया की माया के कारण वे असुर समझ नहीं सके, कि उन्होंने क्या कह दिया है।

असुरों की बात सुनकर विष्णु ने कहा–"तुम दोनों मेरे हाथ से मारे जाओ, यही वर चाहिए।"

वचन से विमुख न होने के कारण मधु ने कहा – "ठीक है, तुम्हारी इच्छा पूर्ण होगी, किन्तु तुम को हम दोनों का वध उस स्थान पर करना होगा, जो जल रहित हो तथा पूर्व में वहां किसी की मृत्यु न हुई हो।

"तथास्तु" कहकर भगवान ने दोनों का वध अपनी जंघा पर किया। इस प्रकार देवी की कृपा से मधु-कैटभ का नाश हुआ।

महिषासुर का वध

देवासुर संग्राम में "महिषासुर" देवताओं को तथा इन्द्र को परास्त कर स्वयं इन्द्रपद पर आसीन हो गया। महिषासुर से भयभीत देवता ब्रह्मा के साथ विष्णु और शिव के पास गये और कहा – "दुरात्मा महिष ने समस्त देवताओं को स्वर्ग से निकाल दिया है और स्वयं अधिष्ठाता बन बैठा है। उससे पीड़ित हम सभी देव आपकी शरण में आये हैं, आप कृपा कर उसके वध का उपाय करें।"

देवताओं की प्रार्थना पर विष्णु ने महिषासुर के वध का हेतु ध्यान क्रिया द्वारा जाना और देवताओं को बताया– "समस्त देवताओं की सम्मिलित शक्ति से प्रकट हुई देवी के द्वारा ही महिषासुर का संहार होना नियति ने निर्धारित किया है; अतः तुम सभी अपनी शक्ति को एक जगह एकत्र करो, जिससे महाशक्तिशालिनी देवी प्रकट हो सकें।"

चक्रपाणि विष्णु के मुख से एक तेज प्रकट हुआ, इसी प्रकार ब्रह्मा,

Download Book ~ https://www.hindibook.in

रुद्र, वरुण, इन्द्र, यम समस्त देवताओं के शरीर से तेज प्रकट हुआ, जो महान तेजपुञ्ज के रूप में जाज्वल्यमान पर्वत के समान भासित होने लगा। यह तेजपुञ्ज एक नारी रूप में परिणित हो गया, जिसकी तेजस्विता सम्पूर्ण दिशाओं को आलोकित कर रही थी।

तदनन्तर उस देवी का दर्शन कर समस्त देव अत्यधिक प्रसन्न हुए और उन्हें अपने-अपने अस्त्र-शस्त्र प्रदान किये। देवताओं ने देवी का स्तवन किया। देवी ने प्रसन्न होकर देवताओं को अभय का वरदान दिया और लीला करने के उद्देश्य से 'शतश्रृंग पर्वत' पर आईं।

नारद ने महिष के मन में, षोडषी के रूप का वर्णन कर, उससे विवाह करने की भावना जाग्रत की। इस भावना से प्रेरित हो महिष ने अपने दूत को विवाह का प्रस्ताव लेकर देवी के पास भेजा। उस समय वे जम्मू से उत्तर दिशा में स्थित शतश्रृंग पर्वत पर 'अर्द्धकुमारी' नामक स्थान पर विराजमान थीं। देवी ने महिष के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

प्रस्ताव के अस्वीकृत होने के कारण वह क्रोधित हो युद्ध के लिए प्रेरित हुआ। देवी ने इस युद्ध में दैत्यों की विशाल सेना को समाप्त कर दिया। सेना का संहार होता देख महिषासुर ने भैंसे का रूप धारण कर देवी पर प्रहार किया। क्रोधोन्मत्त असुर को अपनी ओर आता देख भगवती ने पाश फेंककर उसे बांध लिया।

भैंसे का रूप त्याग कर महिष ने तुरन्त सिंह का रूप धारण कर लिया। ज्यों ही जगदम्बा उसका मस्तक काटने के लिए उद्यत हुई, उसने खड्ग धारी असुर का रूप धारण कर लिया, जिसे देवी ने अपने बाणों से बींध डाला, किन्तु असुर ने तुरन्त हाथी का रूप धारण कर लिया और देवी के सिंह को अपनी सूंड में लपेट कर खींचने लगा, तब वैष्णवी ने उसकी सूंड़ काट दी।

तदुपरान्त महिष ने पुनः भैंसे का रूप धारण कर लिया, यह देख देवी ने उस महाअसुर को अपने पैर से दबाकर त्रिशूल से उसके कण्ठ पर प्रहार किया। प्रहार होते ही महिषासुर भैंसे के मुख से मानव रूप में बाहर आने लगा। आधा शरीर बाहर निकला था, तभी देवी ने उसका मस्तक काट गिराया। इस प्रकार महिषासुर के वध से समस्त देवगण प्रसन्न होकर देवी की स्तुति करने लगे।

कालान्तर में षोडषी ने अपने महाकाली, महालक्ष्मी व महासरस्वती स्वरूप में शुंभ, निशुंभ, धूम्रलोचन, रक्तबीज, चण्ड-मुण्ड अनेक महाअसुरों का वध कर इस पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की।

Download Book ~ https://www.hindibook.in

Download Book ~ https://www.hindibook.in

महालक्ष्मी



वन्दे लक्ष्मीं परशिवमयीं शुद्धजाम्बूनदाभां,
तेजोरूपां कनकवसनां सर्वभूषोज्ज्वलाङ्गीं।
बीजापूरं कनककलशं हेमपद्मं दधाना-;
माद्यांशक्तिं सकलजननीं विष्णुवामांकसंस्थाम्।।

अर्थात् "परम कल्याणमयी, शुद्ध स्वर्ण आभा वाली, तेजयुक्त, स्वर्ण रेखा खचित वस्त्र धारण की हुई, अनेक आभूषणों से सुशोभित अंगों वाली, स्वर्ण कलश, बीजापूर एवं स्वर्ण कमल धारण करने वाली आद्याशक्ति, समस्त लोकों की जननी, भगवान विष्णु के वामपार्श्व में सदा सुशोभित भगवती महालक्ष्मी के श्री चरणों में मैं पुनः-पुनः वन्दन करता हूं।"

महालक्ष्मी ही जगत जननी हैं, ब्रह्मा, विष्णु आदि सभी देवता इन्हीं से प्रकट होते हैं। देवी की जितनी भी शक्तियां मानी गई हैं, उन सबका मूल महालक्ष्मी ही हैं, सारा जगत प्रपंच इनसे ही प्रकट हुआ है, स्थूल-सूक्ष्म, दृश्य-अदृश्य अथवा व्यक्त-अव्यक्त सभी इन्हीं के स्वरूप हैं। यद्यपि अव्यक्त रूप से ये सर्वत्र व्याप्त हैं, परन्तु अपने साधकों पर अनुग्रह करने के लिए ये अपने परम दिव्य चिन्मय सगुण रूप से भी सदैव उपस्थित होती हैं।

Download Book ~ https://www.hindibook.in

की स्तुति की। प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने अपने मंगलमय स्वरूप में उन्हें दर्शन प्रदान किया और देवताओं को उनकी समस्या का समाधान सुझाते हुए कहा— "तुम यदि क्षीरसागर का मंथन करो, तो अमृत उत्पन्न होगा, जिसका पान करके तुम अजर-अमर हो जाओगे, किन्तु समुद्र मंथन का कार्य अत्यधिक दुष्कर होने के कारण तुम्हें दैत्यों का सहारा लेना पड़ेगा।

भगवान विष्णु की आज्ञा से देवताओं ने दैत्यों से सन्धि की और समुद्र मंथन हेतु मंदराचल पर्वत को मथानी तथा वासुकी को रस्सी के रूप में उपयोग किया। भगवान ने दैत्यों को वासुकी के मुख की ओर तथा देवताओं को पूंछ की ओर लगाया; स्वयं भक्तवत्सल भगवान कछुए का रूप धारण कर क्षीरसागर में मंदराचल का आधार बने हुए थे।

दैत्यों और दानवों के द्वारा संयुक्त रूप से मंथन करने पर चौदह रत्न प्रकट हुए, इन चौदह रत्नों में अमृत का कलश हाथ में लिए धन्वन्तरी प्रकट हुए तथा चौदहवें रत्न के रूप में भगवती महालक्ष्मी प्रकट हुईं, जो खिले हुए कमल पर विराजमान थीं, उनके श्री अंगों की कान्ति से समस्त दिशाएं प्रकाशित हो उठीं। ऐसी त्रैलोक्य सुन्दरी को प्राप्त कर समस्त देवता व ऋषिगण हर्षित हो उठे। सभी देवताओं ने वैदिक श्री सूक्त के द्वारा लक्ष्मी की स्तुति की। तत्पश्चात् वे भगवान विष्णु के वक्षस्थल में प्रवेश कर गईं। परम सुन्दरी लक्ष्मी को इस प्रकार लोप होते देख दैत्य अत्यधिक निराश हुए और धन्वन्तरी के हाथ से अमृत कलश छीन लिया; किन्तु भगवान विष्णु ने दैत्यों को अपनी योगमाया द्वारा मोहित कर सारा अमृत देवताओं को पिला दिया। तत्पश्चात् इन्द्र ने अत्यन्त श्रद्धा एवं भक्ति-भाव से भगवती लक्ष्मी की स्तुति की, जिससे प्रसन्न होकर उन्होंने इन्द्र तथा अन्य देवताओं को उनकी इच्छानुसार वर प्रदान किया।

भगवान विष्णु की ये अनन्य प्रिया हैं तथा श्री हरि के प्रत्येक अवतार में उनके साथ ही ये भी अवतरित होती हैं, जिसके फलस्वरूप ये श्री राम के साथ सीता तथा श्री कृष्ण के साथ रुक्मिणी के रूप में अवतीर्ण हुईं। भगवान विष्णु के साथ लक्ष्मी की आराधना करने पर समस्त आध्यात्मिक एवं भौतिक अभ्युदय तथा निःश्रेयस की सिद्धि होती है। महालक्ष्मी साधुता एवं सतीत्व की प्रतिमूर्ति हैं, अतः पवित्र स्त्रियों को लक्ष्मी कह कर सम्मानित किया जाता है। जो व्यक्ति मृदुभाषी, कार्यकुशल, क्रोधहीन तथा जितेन्द्रीय होते हैं, उनके घर वे अवश्य निवास करती हैं। जहां लक्ष्मी की साधना होती है, वहां सदैव धर्म, सम्पत्ति एवं सुयश की वृद्धि होती ही है।

Download Book ~ https://www.hindibook.in

ये नित्य सनातन होती हुई भी लीला के लिए अनेक रूपों में प्रकट होती हैं। ये अपने एक स्वरूप से ब्रह्मा, विष्णु आदि देवों की सेवा करती हैं तथा दूसरे रूप में भक्तों का कल्याण करती हैं। लक्ष्मी की उपस्थिति प्रायः दो प्रमुख रूपों में मानी जाती है– 'श्री' एवं 'लक्ष्मी'। अपने दोनों रूपों से ये भगवान विष्णु की ही पत्नी हैं। इस प्रकार लक्ष्मी के दो स्वरूप हमारे सामने स्पष्ट होते हैं–

पहला, लक्ष्मी स्वरूप जो सदैव श्री नारायण के वक्षस्थल में वास करती हैं और कभी उनसे अलग नहीं होतीं।

दूसरा, प्राकृतिक सम्पत्ति की अधिष्ठात्री देवी का रूप है। यह प्राकृतिक सम्पत्ति जड़ है, किन्तु इसे भी 'श्री' कहा जाता है। इस जड़ सम्पत्ति पर विभिन्न कालानुसार विभिन्न व्यक्तियों का आधिपत्य होता है, इस प्रकार ये किसी एक की होकर नहीं रहतीं। अपने इसी स्वरूप के कारण लक्ष्मी को सर्वभोग्या, चंचला, बहुगामिनी आदि भी कहा जाता है।

लक्ष्मी को कमल अत्यधिक प्रिय है और ये कमलवन में निवास करती हैं, कमल ही इनका आसन है और अपने हाथ में भी ये कमल धारण किये हुए हैं। अलग-अलग स्थानों पर ये अलग-अलग नामों से जानी जाती हैं। स्वर्ग में 'स्वर्गलक्ष्मी', गृहस्थों के घर में 'गृहलक्ष्मी', युद्ध में विजेताओं के पास 'विजयलक्ष्मी', राजाओं के पास 'राज्यलक्ष्मी' तथा वणिक जनों के पास 'वाणिज्य लक्ष्मी' के रूप में निवास करती हैं।

लक्ष्मी की उत्पत्ति

इनकी उत्पत्ति के सम्बन्ध में कहा जाता है, कि ये महर्षि भृगु की पुत्री के रूप में उत्पन्न हुई थीं, जिसके कारण इन्हें 'भार्गवी' नाम से सम्बोधित किया गया। दैत्य-देव संग्राम के समय हुए समुद्र मंथन के द्वारा ये क्षीरसागर से उत्पन्न हुईं, अतः इन्हें 'क्षीरोद्तनया' के नाम से भी विभूषित किया गया। ये पद्मिनी विद्या की अधिष्ठात्री देवी हैं। दस महाविद्याओं में दसवीं महाविद्या 'कमला' इनका ही स्वरूप है। जब-जब भगवान विष्णु लोक कल्याण हेतु धरा पर अवतरित होते हैं, लक्ष्मी भी उनके साथ अवतीर्ण होकर उनकी प्रत्येक लीला में सहयोग प्रदान करती हैं।

महर्षि भृगु की पत्नी ख्याती ने एक भुवन मोहिनी कन्या को जन्म दिया। समस्त शुभ लक्षणों से युक्त होने के कारण भृगु दम्पत्ति ने उसका नाम 'लक्ष्मी' रखा। धीरे-धीरे किशोरावस्था आने पर वे भगवान नारायण के गुण से प्रभावित होकर उनके

Download Book ~ https://www.hindibook.in

प्रति अनुरक्त हो गईं और विष्णु को पति रूप में प्राप्त करने की इच्छा से समुद्र तट पर जाकर घोर तपस्या करने लगीं। कठोर तपस्या करते हुए एक हजार वर्ष व्यतीत हो गए। देवराज इन्द्र के मन में उनकी परीक्षा लेने की भावना जाग्रत हुई, अतः वे विष्णु रूप धारण कर लक्ष्मी के पास आये और वर मांगने को कहा। तपस्विनी लक्ष्मी इन्द्र के इस भाव को समझ गईं और वरदान देने से पूर्व विश्वरूप में दर्शन देने की प्रार्थना की। विश्वरूप प्रकट करने में इन्द्र असमर्थ थे, अतः वे लज्जित होकर क्षमा-याचना करते हुए लौट गए।

लक्ष्मी की तपस्या की ख्याति भगवान विष्णु ने सुनी और वे उन्हें दर्शन देने आये तथा लक्ष्मी से वर मांगने को कहा। लक्ष्मी ने उनसे भी कहा— "यदि आप साक्षात् नारायण हैं, तो अपने विश्वरूप में मुझे दर्शन प्रदान कर कृतार्थ करें।"

देवी की इस बात को सुन कर भगवान विष्णु ने अपने विश्वरूप का दर्शन उन्हें दिया तथा अपने इच्छित वर को मांगने को कहा। भगवान विष्णु की बात सुन कर लक्ष्मी ने उन्हें अपने पति रूप में प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की।

पुराणों में लक्ष्मी के प्राकट्य से सम्बन्धित एक अन्य कथा भी मिलती है— महर्षि दुर्वासा जो भगवान शंकर के अंशभूत स्वरूप हैं, पृथ्वी तल पर विचरण करते हुए एक उपवन में जा पहुंचे, जहां 'विद्याधरी' नाम की एक सुन्दरी अपने हाथ में पारिजात पुष्पों की माला लिए खड़ी थी। उन पुष्पों की सुगन्ध से पूरा वातावरण सुगन्धित हो रहा था। विद्याधरी ने वह माला दुर्वासा ऋषि को प्रदान कर दी, जिसे अपने मस्तक पर धारण कर वे भ्रमण करने लगे। कुछ आगे जाने पर देवराज अपने ऐरावत हाथी पर सवार आते दिखाई दिए। ऋषि ने वह माला ऐरावत के मस्तक पर डाल दी। माला की तीव्र सुगन्ध को सहन न कर सकने के कारण ऐरावत ने सूंढ़ से माला उतार कर जमीन पर डाल दी। यह देख दुर्वासा ऋषि ने क्रोधोन्मत्त हो इन्द्र को श्राप दे दिया— "जिस माला को तूने प्रणाम तक नहीं किया, वह मात्र पुष्प माला नहीं थी, अपितु लक्ष्मी का धाम थी; ऐसी दिव्य माला का अनादर करने के कारण तेरे अधिकार में स्थित समस्त लोकों से लक्ष्मी अदृश्य हो जायेगी।"

ऋषि के श्राप को सुनकर देवराज इन्द्र ऐरावत से उतर कर उनके चरणों में गिर गये, किन्तु दुर्वासा इन्द्र को फटकार कर चले गए। उसी क्षण तीनों लोकों की लक्ष्मी नष्ट हो गई और देवताओं को श्रीहीन जानकर दैत्यों ने उन पर चढ़ाई कर दी। उत्साह हीन देवतागण दैत्यों से हार गए और ब्रह्मा की शरण में गए। समस्त देवताओं के साथ ब्रह्मा क्षीरसागर के उत्तर तट की ओर गए और भगवान विष्णु

Download Book ~ https://www.hindibook.in

महालक्ष्मी पूजन

रात्रि-साधना से पूर्व स्नान आदि से शुद्ध होकर पूजा कक्ष में आसन पर पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके बैठ जाना चाहिए। अपने सामने चौकी पर वस्त्र बिछाकर, भगवती महालक्ष्मी का चित्र व यन्त्र स्थापित कर लें, धूप तथा दीपक प्रज्चलित करें, पूजन की अन्य सामग्री यथास्थान रख लें।

पवित्रीकरण :

बायें हाथ में जल लेकर दायें हाथ से अपने ऊपर जल छिड़कें तथा निम्न मंत्र का उच्चारण करें—

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।

आचमन :

दायें हाथ में जल लेकर तीन बार पान करें तथा निम्न मंत्र का उच्चारण करें—

ॐ मूलम् आत्मतत्त्वाय नमः।
ॐ मूलम् विद्यातत्त्वाय नमः।
ॐ मूलम् शिवतत्त्वाय नमः।

Download Book ~ https://www.hindibook.in

संकल्प :

दाहिने हाथ में जल लेकर उसमें अक्षत, पुष्प मिला लें—

ॐ स्वस्तिः अद्य अमुकमासे, अमुक पक्षे, पुण्य तिथौ, अमुक गोत्रः, अमुक शर्माहं मम इह जन्मनि सकल पापोपक्षय पूर्वकं दीर्घायु विपुल धन प्राप्त्यर्थे सदभीष्ट सिद्ध्यर्थे च गणपति पूजनं, गुरु पूजनं, कलश स्थापन पूर्वकं श्री महालक्ष्मी देवता पूजनं वयं सम्पत्स्यामहे।

जल भूमि पर छोड़ दें।

गणपति पूजन :

दोनों हाथ जोड़कर गणपति का आवाहन करें—

ॐ गणानान्त्वा गणपति हवामहे कविं कवीनामुपम श्रवस्तमम्।
ज्येष्ठराजं ब्रह्मणां ब्रह्मणस्पत आनः श्रृण्वन्निभिः सिद्धिसादनं।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणपते इहागच्छ, इह तिष्ट, आवाहयामि, स्थापयामि नमः।

पादयोः पाद्यं समर्पयामि नमः।

हस्तयोरर्घ्यं समर्पयामि नमः।

मुखे आचमनीयं समर्पयामि नमः।

सर्वांगे स्नानीयं जलं समर्पयामि नमः।

वस्त्रोपवस्त्रं समर्पयामि नमः।

यज्ञोपवीतं समर्पयामि नमः।

गन्धं, अक्षतान् समर्पयामि नमः।

पुष्पाणि, धूपं, दीपं, नैवेद्यं समर्पयामि नमः।

आचमनीयं जलं समर्पयामि नमः।

मुख शुद्ध्यर्थं पूगीफलं, एला लवंगादिकं समर्पयामि नमः।

Download Book ~ https://www.hindibook.in

आसन शुद्धि :

दायें हाथ में जल लेकर आसन शुद्धि हेतु विनियोग करें—

ॐ पृथ्वीति मंत्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः, सुतलं छन्दः, कूर्मो देवता, आसन शोधने विनियोगः।

जल भूमि पर छोड़ दें; फिर दोनों हाथ जोड़ कर प्रार्थना करें—

**ॐ पृथ्वि! त्वया धृता लोका देवि! त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चासनम्॥**

स्वस्तिवाचन :

दोनों हाथ जोड़ें—

